(केवल सरकारी प्रयोग हेतु)

सामान्य प्रशासनिक रिपोर्ट

2013-2014

योजना विभाग, हिमाचल प्रदेश सरकार
शिमला-171002

विषय सूची

क्रम संख्या	विषय	पृष्ठ
1.	पृष्ठभूमि एवं परिचय	1
2.	योजना विभाग–स्टाफ स्थिति	1
3.	संगठनात्मक ढांचा	2
3.1.	राज्य योजना बोर्ड	3
3.2.	मुख्यालय	3-4
	(1) प्रशासन प्रभाग	4
	(II) योजना प्रारूपण प्रभाग	5-6
	(III) योजना कार्यान्वयन	6-8
	(IV) पिछड़ा क्षेत्र उप–योजना	8-10
	(V) क्षेत्रीय एवं जिला नियोजन प्रभाग	11-13
	(VI) जन शक्ति एवं रोजगार प्रभाग	13-14
	(VII) बाह्य सहायता परियोजना प्रभाग	14-21
	(VIII) नाबार्ड–ग्रामीण आधारभूत संरचना निधि प्रभाग	21-25
	(IX) 20–सूत्रीय कार्यक्रम प्रभाग	25-29
	(X) रेलवे प्रभाग	30-32
	(XI) मूल्यांकन प्रभाग	33
	(XII) विधायक प्राथमिकता योजना प्रभाग	33-34
	(XIII) कम्प्यूटर प्रभाग	35
3.3.	जिला कार्यालय	36
4.	सूचना का अधिकार नियम 2005	37-43

1. पृष्ठभूमि एवं परिचय

योजना विभाग का दायित्व योजना प्राथमिकताओं एवं सकल योजना परिव्यय को निर्धारित करना, विभिन्न घटकों/सेवाओं के लिए धनराशि चिन्हांकित करना तथा पंचवर्षीय और वार्षिक योजनाओं को तैयार करना है । इसके अतिरिक्त योजनाओं/परियोजनाओं का मूल्यांकन एवं अध्ययन करना, विकेन्द्रीकृत नीति को बढ़ावा देना, योजना स्कीमों की नियमित समीक्षा, बाह्य-सहायता प्राप्त परियोजनाओं का विशलेषण और नाबार्ड से निधि प्राप्त आर.आई.डी.एफ. योजनाओं का कार्यान्वयन आदि कार्य योजना विभाग द्वारा किये जा रहे हैं । योजना विभाग द्वारा जन-शक्ति एवं रोजगार सृजन, पिछड़ा क्षेत्र उप-योजना, 20-सूत्रीय कार्यक्रम समीक्षा, प्रदेश में रेल विस्तार, इत्यादि का कार्य भी किया जा रहा है ।

2. योजना विभाग-स्टाफ स्थिति

क0 सं0	पद नाम	स्वीकृत पद	भरे गए पद	रिक्त पद
1.	**2.**	**3.**	**4.**	**5.**
1.	उपाध्यक्ष, राज्य योजना बोर्ड	1	1	0
2.	अध्यक्ष, 20-सूत्रीय कार्यक्रम	1	1	0
3.	सलाहकार (योजना)	1	1	0
4.	संयुक्त निदेशक	1	1	0
5.	उप-निदेशक	6	4	2
6.	अनुसंधान अधिकारी/जिला योजना अधिकारी	20	14	6
7.	साख योजना अधिकारी	10	10	0
8	सहायक अनुसंधान अधिकारी	17	16	1
9.	सांख्यिकीय सहायक	21	12	9
10.	गणक	6	4	2
11.	कार्यक्रम योजना अधिकारी	1	1	0
12.	गणक संचालक	1	1	0
13.	निजि सचिव	1	0	1
14.	निजि सहायक	2	1	1
15.	वरिष्ठ आशुलिपिक	1	1	0
16.	कनिष्ठ आशुलिपिक	6	6	0
17.	आशुटंकक	12	3	9
18.	अधीक्षक श्रेणी-।	1	0	1
18.	अधीक्षक श्रेणी-।।	1	1	0
19.	वरिष्ठ सहायक	20	20	0
20.	कनिष्ठ सहायक	3	2	1
21.	लिपिक	13	11	2
22.	प्रतिलिपि यन्त्र चालक	1	1	0
23.	चालक	5	5	0
24.	चपड़ासी	20	20	0
25.	चौकीदार	1	1	0
26.	फ्राश	1	1	0
27.	जमादार	1	1	0
28.	सफाई कर्मचारी	1	1	0
	कुल	**176**	**141**	**35**

* : राज्य योजना बोर्ड तथा 20-सूत्रीय कार्यक्रम के उपाध्यक्षों के वेतन व भत्तों के बारे में सरकार द्वारा उनके मनोनीत होने के समय पर निर्णय लिया जाता है ।

3. संगठनात्मक ढांचा

योजना विभाग के संगठनात्मक ढांचे का विववरण निम्न हैः-

1. राज्य योजना बोर्ड ।
2. मुख्यालय
3. जिला कार्यालय ।

3.1. राज्य योजना बोर्डः

सरकारी एवं गैर-सरकारी सदस्यों को मनोनीत करके राज्य योजना बोर्ड का गठन प्रदेश सरकार द्वारा 26 अगस्त, 2009 को किया गया ।

I. राज्य योजना बोर्ड की संरचनाः

(i) **अध्यक्ष-माननीय मुख्यमन्त्री**

(ii) **गैर-सरकारी सदस्य**

1. समस्त केबिनेट मंत्री, हिमाचल प्रदेश ।
2. हिमाचल प्रदेश से सम्बन्धित समस्त सांसद (लोक सभा एवं राज्य सभा) - अलग से अधिसूचित ।
3. किसान, उद्योग एवं व्यापार, अनुसूचित जाति,जन-जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं महिलाओं के एक-एक प्रतिनिधि - अलग से अधिसूचित ।
4. भूतपूर्व सांसद/विधायक एवं वर्तमान विधायक - अलग से अधिसूचित ।
5. सेवानिवृत मुख्य सचिव/सरकारी अधिकारी - अलग से अधिसूचित ।

(iii) **सरकारी सदस्य**

1. मुख्य सचिव
2. समस्त प्रशासनिक सचिव
3. हिमाचल प्रदेश में समस्त सरकारी विश्वविद्यालयों के उप-कुलपति

(iv) **पदेन सदस्य (Ex Officio)**

1. अध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश चैम्बर ऑफ कॉमर्स एवं इंडस्ट्रीज
2. सी.जी.एम. नाबार्ड, शिमला

(v) **सदस्य सचिव : सलाहकार (योजना)**

II. **नियुक्ति की शर्तेः** सरकार द्वारा समय-समय पर अधिसूचित की जाती हैं ।

III. **योजना बोर्ड मुख्यालयः** योजना बोर्ड का मुख्यालय शिमला है परन्तु इसकी बैठकें किसी भी स्थान पर अध्यक्ष की अनुमति से की जा सकती हैं ।

IV. योजना बोर्ड के कार्यः

- राष्ट्रीय लक्ष्यों के अनुरूप प्रदेश की योजना प्राथमिकताओं का निर्धारण ।
- वित्तीय संसाधनों एवं जन-शक्ति की संगठनात्मक एवं संस्थापक योग्यताओं का आकलन ।
- प्रदेश में महत्वपूर्ण सैक्टर, जिलों, क्षेत्रों इत्यादि में विकास का आकलन ।
- प्रदेश के सीमित संसाधनों के इष्टतम् उपयोग हेतु योजना तैयार करना, राज्य सरकार की वार्षिक एवं पंचवर्षीय योजनाओं को तैयार करने में सहायता करना तथा विभिन्न क्षेत्रों में विकास आकलन करना ताकि राज्य के सामाजिक, आर्थिक विकास की अधिकतम सीमा प्राप्त की जा सके ।
- राज्य के सामाजिक एवं आर्थिक विकास में आने वाली बाधाओं कारणों की पहचान तथा राज्य की योजनाओं का सफलतापूर्वक कार्यन्वयन का निर्धारण ।
- प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में विद्यमान विकासात्मक असंतुलनों को दूर करने के लिए नीति निर्धारण तथा जिला एवं क्षेत्रीय योजनाओं के प्रारूपीकरण में सहायता करना ।
- योजना कार्यन्वयन की सामयिक समीक्षा तथा प्रदेश की नीति एवं कार्यक्रमों में सुधार के सुझाव ।
- चालू कार्यक्रमों की विवेचनात्मक समीक्षा तथा कार्यक्रमों के निरन्तरीकरण का सुझाव।
- बेराजगारी की समस्या के निदान के सम्बन्ध में राज्य सरकार को सलाह देना ।
- सरकार द्वारा बोर्ड को प्रेषित आर्थिक विकास के मामलों पर सलाह देना ।
- वर्तमान आर्थिक स्थिति एवं नीतियों का विशलेषण करना और प्रदेश के विकास के लिए विकासात्मक कार्यक्रमों के उपयुक्त कार्यन्वयन एवं सुधार के सम्बन्ध में उचित सुझाव देना ।
- योजना कार्यक्रमों से सम्बन्धित सूचना का एकत्रीकरण एवं विशलेषण करना ।
- सरकारी निगमों एवं बोर्डो की कार्य प्रणाली का परीक्षण तथा उनमें सुधार लाने के सुझाव देना ।
- जिला स्तर पर योजना स्कीमों के कार्यन्वयन में आने वाली कठिनाईयों का पता लगाना तथा इन कठिनाईयों के निराकरण एवं समाधान के उपाय सुझाना ।
- अध्यक्ष महोदय के निर्देशानुसार विभिन्न कार्यक्रमों एवं निगमों का मूल्यांकन करना ।

वर्ष 2013-14 के लिए मु0 4100.00 करोड़ रू0 के आकार को चर्चा उपरान्त अनुमोदित किया गया है । योजना आयोग, भारत सरकार द्वारा इस प्रस्तावित आकार को अनुमोदित किया गया है ।

मुख्यालयः

सरकारी नियमावली के अनुसार सरकारी कार्यो के निष्पादन हेतु योजना विभाग निम्नलिखित ढांचे के अनुसार कार्य कर रहा है :-

1.	सम्बन्धित मंत्री	मुख्य मन्त्री, हिमाचल प्रदेश शिमला-2.
2.	प्रशासनिक सचिव	प्रधान सचिव (योजना) हिमाचल प्रदेश सरकार, शिमला-2.
3.	विभागाध्यक्ष	सलाहकार (योजना) हिमाचल प्रदेश, शिमला-2

सलाहकार (योजना), विभागाध्यक्ष हैं । योजना विभाग में विभिन्न प्रभाग जैसे कि योजना प्रारूपण, परियोजना प्रारूपण, योजना कार्यन्वयन, कम्पयूटरीकरण, मूल्यांकन, जनशक्ति एवं रोजगार, प्रशासन, क्षेत्रीय एवं जिला नियोजन, पिछड़ा क्षेत्र उप-योजना, रेलवे, 20-सूत्रीय कार्यक्रम तथा आर.आई.डी. एफ. कार्य कर रहे हैं । ये प्रभाग संयुक्त निदेशक/ उप-निदेशकों के नियन्त्रण में कार्य कर रहे हैं । संयुक्त निदेशक सलाहकार (योजना) के नियंत्रण में कार्य करते हैं तथा कार्य निष्पादन के लिए सलाहकार (योजना) का सहयोग करते हैं । संयुक्त निदेशक कार्यालय अध्यक्ष के रूप में कार्य कर रहे हैं । प्रभागानुसार उद्देश्य, कार्यक्रम, आबंटन, व्यय का विवरण निम्न प्रकार से हैः-

I. प्रशासन प्रभागः

संयुक्त निदेशक का पद दिनांक 31 अगस्त, 2012 को पदोन्नति से भरा गया है । संयुक्त निदेशक, (योजना) को विभाग में कार्यालय अध्यक्ष घोषित किया गया हैं । प्रशासन प्रभाग संयुक्त निदेशक की अध्यक्षता में कार्य करता है । इस प्रभाग में निम्न स्टाफ कार्यरत्त हैः-

1.	आहरण एवं वितरण अधिकारी	1	
2.	अधीक्षक श्रेणी-।	1	(रिक्त)
3.	अधीक्षक श्रेणी-।।	1	(रिक्त)
4.	वरिष्ठ सहायक	4	
5.	कनिष्ठ सहायक	3	
6.	लिपिक	2	
7.	सन्देशवाहक	1	
8.	चौकीदार	1	
9.	फ्राश	1	
10.	सफाई कर्मचारी	1	
	कुल :-	**16**	**2** (रिक्त)

यह प्रभाग योजना विभाग की प्रशासनिक जरूरतों के अनुसार कार्य करता है । प्रभाग के मुख्य कार्य जैसे कि रिक्त पदों का भरना, पदोन्नति, स्थानांतरण, अधिकारियों / कर्मचारियों की वार्षिक गोपनीय रिर्पोट, स्थाईकरण, भण्डार, स्थापना, बजट, लेखा आपत्ति, पीएसी, सीएजी, व अन्य विविध कार्य जो प्रभाग को सौंपे गए हैं, किये जा रहे हैं। वर्ष के दौरान प्रभाग द्वारा उपरोक्त वर्णित कार्य निष्पादित किए गए हैं ।

II. योजना प्रारूपण प्रभागः

1. राज्य की वार्षिक योजना (2014–15) का प्रारूपीकरण :

वार्षिक योजना (2014–2015) के प्रारूपीकरण हेतु प्रधान सचिव (योजना) की अध्यक्षता में सभी सम्बन्धित विभागों के साथ योजना प्राथमिकताओं के निर्धारण हेतु चर्चा के लिए अक्तूबर माह में श्रृंखलावार बैठकों का आयोजन किया गया ।

वार्षिक योजना (2014–2015) के प्रारूपीकरण हेतु सभी सम्बन्धित विभागों / एजैन्सियों को दिशा–निर्देश जारी किए गये जिसके माध्यम से उन्हें अपने विभाग से सम्बन्धित विस्तृत योजना प्रस्ताव भेजने का अनुरोध किया गया ।

विभागीय प्रस्तावों की जांच पड़ताल करने तथा प्राप्त आंकड़ों का विश्लेषण करने के पश्चात वार्षिक योजना (2014–2015) का ड्रॉफट प्रारूप तैयार करके राज्य योजना बोर्ड की दिनांक 27 जनवरी,2014 को हुई बैठक में अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया गया । राज्य सरकार द्वारा प्रदेश वार्षिक योजना (2014–2015) का आकार 4400 करोड़ रूपये प्रस्तावित किया गया है । जिसका सैक्टरवार विवरण निम्न प्रकार से हैं :–

(रू0करोड़ों में)

क्रम संख्या	सैक्टर	वार्षिक योजना (2014–15) का प्रस्तावित परिव्यय
1.	**2.**	**3.**
1.	कृषि एवं सम्बन्धित सेवाएं	539.20
2.	ग्रामीण विकास	192.71
3.	विशेष क्षेत्र कार्यक्रम	23.10
4.	सिंचाई एवं बाढ़ नियन्त्रण	248.62
5.	ऊर्जा	648.32
6.	उद्योग एवं खनन	52.00
7.	संचार एवं परिवहन	817.09
8.	विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं पर्यावरण	15.40
9.	सामान्य आर्थिक सेवाएं	128.17
10.	सामाजिक सेवाएं	1685.29
11.	सामान्य सेवाएं	50.10
	कुल	**4400.00**

मांग/मुख्य शीर्ष/उप मुख्य शीर्ष/लघु शीर्ष/उप–लघु शीर्षवार /स्कीमवार वर्ष 2014–15 के योजना परिव्ययों को वित्त विभाग को बजट में सम्मिलित करने हेतु प्रेषित किया गया।

लोकसभाव चुनावों के दृष्टिगत विस्तृत वार्षिक योजना (2014–15) का प्रारूप तैयार नहीं किया गया जो कि अधिकारी स्तर पर क्षेत्रवार विचार विर्मश एवं उपाध्यक्ष, योजना आयोग प्रक्रिया के अधीन है

2. विविधः

योजना आयोग, भारत सरकार के निर्देशानुसार केन्द्रीय प्रयोजित कार्यक्रमों की Restructuring हेतू सम्बन्धित प्रशासनिक सचिवों/ विभागों तथा योजना आयोग, भारत सरकार के साथ समय–समय पर पत्राचार किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य विविध कार्य, जैसे कि स्वैच्छिक संगठनों, सार्वजनिक निजी भागेदारी पर पत्राचार तथा राष्ट्रीय विकास परिषद् और उपाध्यक्ष, योजना आयोग– माननीय मुख्यमन्त्री स्तर पर वर्ष 2013–14 में हुई बैठकों की कार्यवाही पर आगामी अनुवर्ती कार्यवाही सम्बन्धित विभागों से पत्राचार किया गया।

III. योजना कार्यान्वयन प्रभागः

विधान सभा में बजट पारित होने के उपरान्त, योजना बजट का कार्यन्वयन निम्न ढंग से शुरु होता हैः–

1. यह प्रभाग विभिन्न विभागों से प्राप्त विचलन और पुर्नविनियोजन के प्रस्तावों का विस्तृत परीक्षण करता है। आवश्यकता व प्राथमिकता को मद्देनजर रखते हुए ही विचलन या पुनर्विनियोजन की अनुमति दी जाती है।
2. अधिक्य प्रस्तावों को किसी अन्य मद जिसमें व्यय की संभावनायें कम हों या कोई परियोजना जिसकी चालू वर्ष में क्रियान्वयन की संभावना न हो तथा सरकार की प्राथमिकता को ध्यान में रखते हुये उसमें से कटौती करके पूरा किया जाता है।
3. अधिक्य प्रस्तावों को तत्काल निपटाने के लिये विभागों के साथ बैठकें भी आयोजित की जाती हैं।
4. आलोच्य अवधि के दौरान, सभी सम्बन्धित विभागों से उनके प्रशासनिक विभागों के माध्यम से विचलन की पुनर्विनियोजन के प्रस्ताव चिन्हांकित व गैर चिन्हांकित मदों में जांच और परीक्षण के लिये आमंत्रित किये जाते हैं। संशोधित परिव्ययों को योजना आयोग, भारत सरकार से निर्धारित समयावधि में अनुमोदित करवाया जाता है।
5. आलोच्य अवधि के दौरान 378 मामले विभिन्न विभागों से प्रशासनिक विभागों के माध्यम से परामर्श हेतु योजना कार्यन्वयन प्रभाग में प्राप्त हुए, इनका परीक्षण किया गया तथा सक्षम प्राधिकारियों के पूर्व अनुमोदनोपरान्त प्राप्त करने

के उपरान्त उचित परामर्श सम्बन्धित प्रशासनिक विभागों को दिया गया।

6. बजट के अनुरूप योजना कार्यन्वयन निर्विघ्न करने के लिये सम्पूर्ण वाष्रिक योजना को सॉफ्टवेयर के माध्यम से बजट से जोड़ा गया है।

उपरोक्त के अतिरिक्त, योजना कार्यन्वयन प्रभाग द्वारा आलोच्य अवधि के दौरान निम्न गतिविधियां भी की गई :–

1. त्रैमासिक आधार पर प्रगति रिपोर्ट/त्रैमासिक समीक्षा बैठकें

इस प्रभाग को विकास के विभिन्न मद्दों के तहत हासिल की गई वित्तीय एवं भौतिक प्रगत की निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

योजना व्यय/अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता से सम्बन्धित योजनाओं के व्यय के लिये निम्न मानदंडों को निर्धारित किया गया है :–

त्रैमास	योजना व्यय (%)	अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता सम्बन्धित योजनायें (%)
प्रथम	20%	30%
द्वितीय	25%	35%
तृतीय	30%	35%
चतुर्थ	25%	-
योग	**100%**	**100%**

परिव्यय के संशोधित प्रस्ताव वित्तपोषण स्कीम के साथ के साथ, दिसम्बर, 2013 तक वार्षिक योजना 2013–14 के योजना व्यय और वार्षिक योजना 2012–13 के अंकेक्षित व्यय को वित्त मंत्रालय और योजना आयोग, भारत सरकार को रुकी हुई केंद्रीय सहायता को जारी करने के लिये भेजा गया है।

वार्षिक योजना 2013–14 की योजना निष्पादन समीक्षा और 20–सूत्रीय कार्यक्रम (30–09–2013 तक) की बैठक 13 नवम्बर, 2013 को श्री राम लाल ठाकुर, अध्यक्ष, राज्य स्तरीय योजना, विकास व 20–सूत्रीय कार्यक्रम समीक्षा समिति की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

2. त्रैमासिक बजट आबंटन

त्रमासिक बजट आबंटन की नई प्रणाली वर्ष 1999–2000 में शुरु की गई है। तद्नुसार वर्ष 2013–14 के लिये त्रैमासिक बजट आबंटन सभी विभाग को किया गया और वित्तीय व्यय से सम्बन्धित त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट विभागों से समीक्षा के लिये एकत्रित की गई।

3. बजट आश्वासन

इस प्रभाग ने बजट भाषण के दौरान दिये गये बजट आश्वासनों के कार्यन्वयन की प्रगति का अनुश्रवण किया। विभागों से सम्बन्धित बजट आश्वासनों की सूचना एकत्रित की गई तथा इसका संकलन किया गया।

4. भारत सरकार के साथ लम्बित मामले

'भारत सरकार के साथ लम्बित मामले' आवश्यक मुद्दों/मामलों का संकलन है जो भारत सरकार के साथ लम्बित पड़े हैं।

वर्ष 2013–14 के दौरान इन मामलों का एक दस्तावेज़ बनाया गया और जिसे माननीय सांसदों और भारत सरकार में हिमाचल प्रदेश कॉडर के अधिकारियों को भारत सरकार के विभागों/मंत्रालयों के साथ उठाने के लिये भेजा गया। ये सारे मामले जो, विभिन्न विभागों ने भारत सरकार के साथ उठाये थे, उन्हें पत्राचार की प्रतिलिपियों सहित, एकल दस्तावेज़ के रूप में संकलित किया गया था।

5. केन्द्रीय प्रायोजित योजनायें

केन्द्रीय प्रायोजित स्कीमों का प्रदेश की आर्थिकी में विशेष स्थान है क्योंकि यह प्रदेश के स्त्रोतों का अनुपूरण करती हैं। वर्तमान में केन्द्रीय प्रायोजित स्कीमें या तो शत प्रतिशत या केन्द्र और राज्य में विभिन्न अनुपातों में चल रही हैं। इस प्रभाग ने कार्यन्वयन विभागों को केन्द्रीय प्रायोजित स्कीमों के वित्तीय निहितार्थ और समकक्ष योजना में राज्य प्रावधानों पर परामर्श दिये हैं।

IV. पिछड़ा क्षेत्र उप–योजना प्रभागः

प्रदेश सरकार द्वारा विकास में विद्यमान सूक्ष्म एवं क्षेत्रीय विषमताओं की पहचान एवं उनको दूर करने के लिए पिछड़ा क्षेत्र उप योजना की परिकल्पना को विकसित किया गया । प्रदेश सरकार द्वारा 1995–96 के दौरान माननीय मुख्य मंत्री के बजट भाषण के अनुरूप पिछड़े क्षेत्रों के विकास के लिए एक व्यापक नीति तैयार की गई जोकि तब से हिमाचल प्रदेश में कार्यान्वित की जा रही है। पिछड़ा क्षेत्र उप–योजना से सम्बन्धित नीति में सरकार के निर्णयानुसार समय–समय पर आवश्यक संशोधन किए जाते हैं । नीति की मुख्य विशेषताएं निम्न प्रकार से हैंः–

(क) पिछड़ा क्षेत्र उप योजना में पिछड़ा घोषित क्षेत्रों को निम्न तीन श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया हैः–

(i) **पिछड़े घोषित विकास खण्ड** : ऐसे सभी विकास खण्ड जिनमें 50 प्रतिशत या इससे अधिक पंचायते पिछड़ी घोषित हों, पिछड़े विकास खण्ड घोषित किए गए हैं । वर्तमान में, प्रदेश में कुल आठ विकास खण्ड पिछड़े घोषित हैं जिनमें कुल 304 पिछड़ी पंचायतें आती हैं ।

(ii) **कंटीगुअस पंचायतें** : ऐसी सभी पांच या पांच से अधिक पिछड़ी घोषित पंचायतें जिनके भौगोलिक क्षेत्र एक दूसरे से मिलते हों को पिछड़ी पंचायतों का समूह घोषित किया गया । प्रदेश में कुल 15 पिछड़ी पंचायतों के समूह घोषित हैं जिनमें कुल 133 पिछड़ी पंचायतें आती हैं।

(iii) **बिखरी पंचायतें**: जिन पिछड़ी घोषित पंचायतों का भौगोलिक क्षेत्र एक दूसरी पिछड़ी पंचायत से नहीं लगता हो अथवा पिछड़ी पंचायतों का समूह पांच पंचायतों से कम हो ऐसी पंचायतों को बिखरी पंचायतें घोषित किया गया । प्रदेश में कुल 109 बिखरी हुई पिछड़ी पंचायतें हैं ।

(ख) चयनित 13 विकास शीर्षो में पिछड़ा क्षेत्र उप–योजना के लिए परिव्यय चिन्हांकित किया जाता है ।

(ग) लाभार्थी एवं क्षेत्र मूलक, दोनों प्रकार की, योजनाओं को अपनाया गया है ।

(घ) जिलों को पिछड़ा क्षेत्र उप–योजना के अन्तर्गत बजट आवंटन, जिले में विद्यमान कुल पिछड़ी पंचायतों के अनुपात मे किया जाता है ।

(ङ) उप योजना का प्रबन्धन, जिला योजना, विकास एवं बीस सूत्रीय कार्यक्रम समीक्षा समिति के अनुमोदन पश्चात, उपायुक्तों के माध्यम से किया जाता है । उपायुक्तों एवं जिला योजना अधिकारियों को इस उप–योजना का क्रमशः नियंत्रण तथा आहरण एवं वितरण अधिकारी घोषित किया गया है ।

प्रदेश में कुल 3243 पंचायतों में से 546 पंचायतें पिछड़ी घोषित की जा चुकी हैं । सरकार द्वारा उप–योजना के लिए अलग बजट की व्यवस्था मांग संख्या–15 (योजना एवं पिछड़ा क्षेत्र उप–योजना) में की जाती है । वर्ष 2008–09 से पिछड़ा क्षेत्र उप–योजना से सम्बन्धित विभागों की राजस्व भाग (Revenue Section) की देनदारियों को मांग संख्या–15 में गैर–योजना के अन्तर्गत उपलब्ध करवाया है । इस प्रकार योजना से सम्बन्धित सम्पूर्ण बजट विकासात्मक कार्यो के लिए उपलब्ध रहता है । वर्ष 2013–14 के लिए रू0 3330.00 लाख का बजट प्रावधान योजना में पूंजीगत कार्यो के लिए रखा गया था और वर्ष 2014–15 के लिए पूंजीगत कार्यो के लिए रू0 4200.00 लाख का बजट प्रावधान योजना में रखा गया है। पिछड़ा क्षेत्र उप–योजना एक गतिशील प्रक्रिया है तथा सुधार के लिए हमेशा उदार है। उप योजना में काफी लचीलापन है तथा विभिन्न क्षेत्रीय एवं जिलों की स्थानीय आवश्यकताओं की ओर विशेष ध्यान दिया जाता है।

जिलावार पिछड़ी पंचायतों की संख्या तथा वर्ष 2013–14 के लिए पिछड़ा क्षेत्र उप–योजना के लिए पूंजीगत परिव्यय/व्यय का विवरण निम्न प्रकार से है:–

(रू0 लाखों में)

क्रम संख्या	जिला	पिछड़ी घोषित पंचायतों की संख्या	पिछड़ा क्षेत्र उप योजना 2013–14 परिव्यय/व्यय (पूंजीगत)	
			योजना	अनुमानित व्यय
1.	2.	3.	4.	5.
1.	बिलासपुर	15	91.48	91.48
2.	चम्बा	159	969.73	969.73
3.	हमीरपुर	13	79.29	79.29
4.	काँगड़ा	17	103.68	103.68
5.	कुल्लू	79	481.80	481.80
6.	मण्डी	149	908.74	908.74
7.	शिमला	83	506.21	506.21
8.	सिरमौर	25	152.47	152.47
9.	सोलन	3	18.30	18.30
10.	ऊना	3	18.30	18.30
	योग	**546**	**3330.00**	**3330.00**

सम्बन्धित विभागाध्यक्ष भी मांग संख्या–15 – योजना एवं पिछड़ा क्षेत्र उप–योजना, के लिए, पूंजीगत मुख्य शीर्षो को छोड़कर, विभागाध्यक्ष है । सलाहकार (योजना), हिमाचल प्रदेश को केवल निम्नलिखित लेखा शीर्षो के लिए मांग संख्याः 15–योजना एवं पिछड़ा क्षेत्र उप–योजना के अन्तर्गत वित्त विभाग की अधिसूचना संख्याः फिन–जी–सी(2)–15/2011–12 दिनांक 11 अगस्त, 2011 के द्वारा विभागाध्यक्ष घोषित किया गया हैः–

क0सं0	मुख्य लेखा शीर्ष	क0सं0	मुख्य लेखा शीर्ष
1.	4202-01-201-01-SOOB	12.	4215-01-102-01-SOOB
2.	4202-01-201-03-SOOB	13.	4401-00-119-03-SOOB
3.	4202-01-201-07-SOOB	14.	4401-00-800-01-SOOB
4.	4202-01-202-01-SOOB	15.	4402-00-800-01-SOOB
5.	4202-01-202-03-C90B	16.	4403-00-101-01-SOOB
6.	4202-01-202-03-S10B	17.	4406-01-800-01-SOOB
7.	4202-01-202-04-C90B	18.	4406-01-800-02-SOOB
8.	4202-01-202-04-S10B	19.	4702-00-101-01-SOOB
9.	4202-01-202-06-SOOB	20.	4851-00-102-09-SOOB
10.	4210-02-103-01-SOOB	21.	5054-04-800-06-SOOB
11.	4210-03-101-01-SOOB		

पिछडा क्षेत्र उप–योजना से सम्बन्धित सम्पूर्ण कार्य जैसे कि बजट आवंटन, उप–योजना की समीक्षा एवं प्रबन्धन, ए.जी. / सी.ए.जी., विधान सभा, इत्यादि से सम्बन्धित कार्य वर्ष 2013–14 के दौरान पिछड़ा क्षेत्र उप–योजना प्रभाग द्वारा निष्पादित किये गये हैं ।

V. क्षेत्रीय एवं जिला नियोजन प्रभाग :

राज्य स्तर से विकेन्द्रीकृत नियोजन कार्यक्रमों का संचालन तथा मॉनिटरिंग करने के लिए इस प्रभाग की स्थापना की गई है। विभिन्न विकेन्द्रीयकृत नियोजन कार्यक्रमों के संदर्भ में किए गए क्रिया– कलापों का विवरण निम्न प्रकार से है :–

1. विकास में जन सहयोग कार्यक्रम :

स्थानीय स्तर पर विकास प्रक्रिया में अधारभूत ढांचे की प्रतिपूर्ति तथा लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने व सरकारी प्रयत्नों एवं संसाधनों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से वर्ष 1991–92 में विकास में जन सहयोग कार्यक्रम आरम्भ किया गया था। इस कार्यक्रम में लोगों की भागीदारी पूरी तरह से स्वैच्छिक है तथा नकद सामुदायिक भागीदारी को सम्बन्धित उपायुक्तों के नाम से बैंक / डाकघरों में खोले गए खातों में जमा किया जाता है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत 10.00 लाख रूपए कार्य लागत तक की कार्य योजनाओं को उपायुक्तों द्वारा, 20.00 लाख रूपए तक की कार्य योजनाओं को योजना निदेशालय, 40.00 लाख रूपए से अधिक की योजनाओं को वित्त विभाग द्वारा स्वीकृत करने की वित्तीय सीमा निर्धारित की गई है। वर्ष 2013–14के दौरान 1000.00 लाख रूपए की धनराशि उपायुक्तों को उनके स्तर पर कार्य स्वीकृतियां (किन्नौर और लाहौल–स्पिति जिलों को छोड़कर) जारी करने के लिए प्रदान की गई।

2. क्षेत्रीय विकेन्द्रीकृत नियोजन :

विकेन्द्रीकृत योजना का कार्यान्वयन वर्ष 1993–94 से प्रदेश में आरम्भ किया गया। अन्तर क्षेत्रीय सन्तुलित विकास करवाने के लिए निर्धारित दिशा निर्देशों के अनुसार योजना विभाग द्वारा जिलों को स्वीकृत बजट से धनराशि का आबंटन वर्ष 1981 की जनगणना के अनुसार 60 प्रतिशत जिला की जनसंख्या तथा 40 प्रतिशत जिला के भौगोलिक क्षेत्रफल के आधार पर किया जाता है। इस योजना के अन्तर्गत मुख्यतः स्थानीय आवश्यकता की स्कीमों व बजट में महत्वपूर्ण मिसिंग लिंक्स इत्यादि का कार्यन्वयन किया जाता है। वर्ष 2013–14 के दौरान 3131.00 लाख रूपए की धनराशि समस्त उपायुक्तों (किन्नौर और लाहौल स्पिति जिलों को छोड़कर) को उनके स्तर पर स्वीकृतियों जारी करने के लिए उपलब्ध करवाई गई है।

3. विधायक क्षेत्र विकास निधि योजनाः

विकेन्द्रीकृत नियोजन के सुदृढ़ीकरण करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा वर्ष 1999–2000 के दौरान विधायक क्षेत्र विकास निधि योजना का आरम्भ किया गया था लेकिन वर्ष 2001–02 में इस स्कीम को समाप्त कर दिया गया था। वर्ष 2003–04 से पुनः इस योजना को शुरू किया गया है तथा 24.00 लाख रू0 की धनराशि प्रत्येक विधायक को उनके अपने–अपने चुनाव क्षेत्र में विकास कार्यों को

करवाने हेतु आबंटित की गई थी। वित्तीय वर्ष 2012–13 से यह धनराशि 50.00 लाख रूपये प्रति निर्वाचन क्षेत्रवार कर दी गई है । माननीय विधायकों द्वारा इस योजना में प्रत्यक्ष रूप से शामिल होने के परिणामस्वरूप इसका कार्यान्वयन एवं समीक्षा अधिक प्रभावी एवं व्यापक हुई है। इस योजना के कार्यान्वयन से प्रदेश के सभी क्षेत्रों का राजनैतिक सम्बद्धता का विचार किए बिना सन्तुलित विकास हुआ है तथा सभी

विधायक एक समान व्यवहार प्राप्त कर रहे हैं। वर्ष 2013–14 में इस योजना के अन्तर्गत 3266.18 लाख रू0 की धनराशि गैर जन जातीय जिलों को विभागीय कार्यो के कार्यन्वयन हेतु मु0 50.00 लाख रू0 प्रत्येक विधान सभा क्षेत्र में उपलब्ध करवाई गई है। इस 50.00 लाख रू0 की धनराशि में से 5.00 लाख रू0 की धनराशि माननीय विधायकों की अनुशंसानुसार मुख्य मन्त्री ग्राम पथ योजना के दिशा–निर्देशों अनुसार कार्यो के कार्यान्वयन हेतु खर्च की जाएगी।

4. मुख्य मंत्री ग्राम पथ योजनाः

प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों को सड़को से जोड़ने के अतिरिक्त गांवो के कच्चे रास्तों को भी पक्का करने के उद्देश्य से मुख्य मंत्री ग्राम पथ योजना वर्ष 2002–2003 में 10 गैर जनजातिय जिलों में प्रारम्भ की गई थी। इस योजना के अन्तर्गत प्रदेश की कठिन भौगोलिक क्षेत्रों में 2 कि0 मी0 लम्बी जीप योग्य/ ट्रैक्टर योग्य सड़को का भी निर्माण किया जाता है। वर्ष 2004–05 में इस योजना को बन्द कर दिया गया था। चालू वित्तीय वर्ष 2008–09 में इस योजना को पुनः आरम्भ किया गया है। वर्ष 2013–14 के लिए 400.00 लाख रू0 की बजट धनराशि प्रावधित की गई है तथा सम्पूर्ण धनराशि गैर जनजातीय जिलों के उपायुक्तों को कार्यो के कार्यन्वयन हेतु जारी की जा चुकी है।

5. सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास निधि योजनाः

वर्ष 1993–94 से सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास निधि योजना को प्रदेश में आरम्भ किया गया है । इस योजना के अन्तर्गत माननीय सांसद सदस्यों द्वारा अपने – अपने निर्वाचन क्षेत्रों के पूंजीगत छोटे–छोटे कार्यो क्रमशः पेयजल, प्राथमिक शिक्षा, जनस्वास्थ्य और सड़कों इत्यादि को करने की अनुशंशा की जाती है। कार्यो की स्वीकृतियां उपायुक्तों द्वारा प्रदान की जाती है । इस कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रत्येक सांसद सदस्य को वर्ष 1993–94 से 5.00 लाख रूपये की धनराशि प्रदान की जाती थी जिसे वर्ष 1994–95 में बढ़ाकर 1.00 करोड़ रूपये कर दिया गया था। वर्ष 1998–99 से इस कार्यक्रम के अन्तर्गत 2.00 करोड़ रूपये की धनराशि प्रत्येक सांसद सदस्य को प्रदान की जाती है ।

6. जिला अभिनव निधि (District Innovation Fund) :–

13 वें वित आयोग के सिफारिशों के अनुसार भारत सरकार द्वारा हिमाचल प्रदेश में वित्तिय वर्ष 2011–12 से District Innovation Fund (DIF) स्कीम आरम्भ की गई है। इस स्कीम के अन्तर्गत चार वर्षो में

(2011–12 से 2014–15) 12.00 करोड़ रू0 (12 जिलों को 1.00 करोड़ रू0 प्रति जिला) जारी किए जाने है। इस प्रोग्राम के अन्तर्गत स्वीकृत स्कीमों के लिए सरकारी व निजि अंशदान की भागीदारी 90:10 है। वर्ष 2013–14 में इस स्कीम के अन्तर्गत प्रत्येक जिले को 25.00 लाख रू0 की धनराशि जारी की जा चुकी है।

VI. जनशक्ति एवं रोजगार प्रभाग :

जनशक्ति एवं रोजगार प्रभाग को वर्ष 2013–14 में निम्न प्रमुख कार्य सौंपे गये :–

(i) जनशक्ति की तथ्य पुस्तिका तैयार करना :

इस पुस्तिका को नियमित रूप से प्रकाशित किया जाता है जिसके लिए अनुवर्ती कार्रवाई एवं पुनः निरीक्षण आवश्यक है । इस तथ्य पुस्तिका में जनसंख्या, श्रम शक्ति, रोजगार, बेरोजगार तथा ऐसे प्रशिक्षण संस्थान जोकि प्रशिक्षण व रोजगार से सीधे तौर पर जुड़े हुए है, की विस्तृत जानकारी से सम्बन्धित सांख्यिकीय तालिकाओं की रचना दी जाती है । वर्ष 2001–2011 की जनशक्ति की तथ्य पुस्तिका प्रकाशित कर दी गई है तथा वर्ष 2012–13 तक की सूचना एकत्रित एवं संकलित की जा रही है ।

(ii) ई.एम.आई. कार्यक्रम तथा उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर रिपोर्टः

ई.एम.आई. कार्यक्रम के अन्तर्गत संगठित क्षेत्र में रोजगार सृजन के त्वरित अनुमानों पर तिमाहीवार रिपोर्ट तैयार करने का कार्य वर्ष 1988 से आरम्भ किया गया है । संगठित क्षेत्र में रोजगार सृजन के त्वरित अनुमानों की त्रैमासिक रिपोर्ट 2012–13 तक का कार्य पूर्ण कर लिया गया है जबकि वर्ष 2013–14 की रिपोर्ट बारे आंकड़े विभागों से एकत्रित किये जा रहे हैं।

(iii) राज्य सरकार की रोजगार योजनाः

वार्षिक योजना 2014–15 में राज्य की रोजगार स्थिति पर एक अध्याय सम्मिलित किया गया जिसमें प्रदेश की रोजगार नीति, जनसंख्या व श्रमिकों की विश्लेषणात्मक स्थिति तथा प्रदेश की रोजगार योजना को दर्शाया गया है ।

राज्य सरकार ने रोजगार अवसर सृजन करने के लिए त्रिमुखी रोजगार नीति अपनाई है जिसके अन्तर्गत (1) सरकारी क्षेत्र में रोजगार, (2) संगठित तथा स्वरोजगार क्षेत्र में रोजगार और (3) मजदूरी घटक रोजगार सृजन को राज्य सरकार की रोजगार नीति माना गया है । इन क्षेत्रों में रोजगार सृजन का आंकलन करने के लिए मासिक आधार

पर समस्त सम्बन्धित विभागों से सूचना एकत्रित की गई। रोजगार सृजन की भौतिक उपलब्धियों की समीक्षा मासिक स्तर पर नियमित रूप से की जाती है।

(iv) दक्षता उन्नयन (Skill Development):

योजना विभाग द्वारा दक्षता उन्नयन के कार्य का समन्वयन किया जा रहा है। हिमाचल प्रदेश स्किल डेवलपमेंट सोसाईटी (HPSDS) के नाम से एक स्वायत्त निकाय, राज्य में कौशल विकास की दिशा में सभी प्रयास समन्वय करने के लिए स्थापित की गई है। कौशल विकास से सम्बन्धित कार्य योजना 12वीं पंचवर्षीय योजना (2012–17) और वार्षिक योजना (2013–14) के लिए सभी समस्त सम्बन्धित विभागों से प्राप्त पस्तावों को शामिल करके तैयार की गई। नई दिल्ली में 9 दिसम्बर, 2013 को कौशल विकास पर आयोजित अनुभव बांटने बारे प्रधान मंत्री के कार्यालय नई दिल्ली में आयोजित कार्यशाला के लिए एक प्रस्तुति तैयार की गई। कौशल विकास गतिविधियों/ दक्षता उन्नयन कार्यक्रमों की समीक्षा हेतु प्रधान सचिव (योजना) की अध्यक्षता में नियमित रूप से बैठकों का आयोजन किया गया तथा अनुवर्ती कार्यवाही हेतु सम्बन्धित विभागों को समय–समय पर निर्देश जारी किये गये। राज्य में कौशल विकास के सुधार के लिए सुझाव देने के लिए एक समिति गठित की गई तथा समिति से रिपोर्ट प्राप्त होने पर सभी सम्बन्धित विभागों को टिप्पणी हेतु भेजी गई।

VII. बाह्य–सहायता परियोजना प्रभागः

प्रशासनिक उपयुक्तता लाने के लिए योजना विभाग के वाह्य–सहायता परियोजना प्रभाग को परियोजनाओं के विश्लेषण का कार्य दिया गया है। जिसके लिए अनुशासित एंव तर्कसंगत दृष्टिकोण अपनाना पड़ता हैं। योजना विभाग के इस कक्ष का मुख्य कार्य राज्य के परियोजना प्रस्तावों को बाह्य सहायतार्थ प्राधिकरणों, निजि निवेशकर्ताओं व केन्द्रीय सरकार को वितीय प्रबन्ध के लिए प्रेषित किये जाने से पूर्व उनका तकनीकी, प्रशासकीय एंव वित्तीय पहलुओं के दृष्टिगत राज्य के आर्थिक संसाधनों को देखते हुए विस्तृत विश्लेषण करना है । उपरोक्त के अतिरिक्त यह प्रभाग सभी बाह्य सहायता प्राप्त परियोजनाओं की समीक्षा एंव अनुश्रवण करता है। यह प्रभाग सहायता प्रदान करने वाली विभिन्न एजेंसियों के साथ परियोजनाओं के चिन्हांकन तथा समीक्षा हेतु पत्राचार करता है। प्रधान सचिव, योजना, हि0प्र0 सरकार को प्रदेश की सभी बाह्य–सहायता प्राप्त परियोजनाओं के लिए राज्य नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है ।

प्रभाग द्वारा वर्ष 2013–14 के दौरान किए गये कार्यों का विवरणः

1. राज्य में बाह्य सहायता प्राप्त परियोजनाओं के वार्षिक वितीय एंव भौतिक लक्ष्यों की परिदृष्टि में त्रैमासिक समीक्षा करना ।

2. केन्द्र से प्राप्त होने वाली अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता की समीक्षा करना तथा व्यय के विरुद्ध दायर प्रतिपूर्ति दावों को आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मन्त्रालय, भारत सरकार से निर्मुक्त करवाने के लिए एक कड़ी का कार्य करना ।

3. विभिन्न विभागों को परियोजना प्रस्ताव प्रेषित करने के सन्दर्भ में परामर्श देना।

4. बाह्य सहायता प्राप्त परियोजनाओं से सम्बन्धित वर्ष 2014.15 के लिए आवंटन/परिव्यय तथा प्रतिपूर्ति लक्ष्यों का निर्धारण करना तथा प्रपोजल तैयार कर योजना आयोगए भारत सरकार को अनुमोदन हेतु भेजना ।

विश्व बैंक, एशियन विकास बैंक (ए.डी.बी.), जापान अंन्तर्राष्ट्रीय सहयोग अभिकरण (JICA), जी.आई.जैड., ए.एफ.डी. (फ्रांसीसी सरकार की एजैंसी) तथा के.एफ.डब्लयू. (जर्मन एजैंसी) आदि अन्तर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों तथा भारत सरकार से प्राप्त मार्गदर्शिकाओं को, परियोजना प्रस्ताव आमन्त्रित करने के लिए, सम्बन्धित विभागों को प्रेषित किया गया तथा उनसे यह आग्रह किया गया कि वे राज्य की प्राथमिकताओं को देखते हुये परियोजना प्रस्ताव तैयार करें । योजना विभाग में विभिन्न विभागों से प्राप्त परियोजना प्रस्तावों को तकनीकी, प्रशासनिक, सामाजिक, आर्थिक, वितीय मापदण्डों के दृष्टिगत विश्लेषण किया गया तथा अनुमोदनोपरान्त सभी परियोजना प्रस्ताव सम्बन्धित विभागों को इस सलाह के साथ लौटाए गये कि वे प्रस्तावों को अपने सम्बन्धित मन्त्रालयों के माध्यम से आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मन्त्रालय, भारत सरकार के माध्यम से सम्बन्धित वित्त प्राधिकरणों के साथ वित्तीय सहयोग के लिए उठाये ।

हिमाचल प्रदेश में कार्यान्वित की जा रही बाह्य सहायता प्राप्त परियोजनाएंः

(₹ करोड़ों में)

क्र. स.	**परियोजना का नाम**	**डोनर एजैंसी**	**नोडल विभाग**	**कुल लागत**	**परियोजना अवधि**	
					प्रारम्भ की तारीख	**समाप्ति की तारीख**
1	**2**	**3**	**4**	**5**	**6**	**7**
1.	हि0प्र0 राज्य सड़क परियोजना	विश्व बैंक	लोक निर्माण विभाग	1802.84	जुलाई.07	जून,16
2.	हिमाचल प्रदेश मध्य हिमालयन जलागम विकास परियोजना	विश्व बैंक	वन विभाग	596.25	अक्तूबर–05	मार्च,16
3.	स्वां नदी एकीकृत जलागम प्रबन्धन परियोजना	जे0 आई0 सी0 ए0	वन विभाग	215.00	मार्च,06	मार्च,15
4.	हाईड्रोलोजी परियोजना–11	विश्व बैंक	सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग	59.49	अप्रैल,06	जून,14
5.	हिमाचल प्रदेश में पर्यटन क्षेत्र में अधोसरंचना विकास निवेश कार्यक्रम	एशियन डवैलपमैंट बैंक	पर्यटन विभाग	428.22	2010	2020

1	2	3	4	5	6	7
6.	हि0प्र0 फसल विविधीकरण उन्नत परियोजना	जे0 आई0 सी0 ए0	कृषि विभाग	321.00	जुलाई,11	मार्च,18
7.	क्लीन एनर्जी ट्रांसमिशन निवेश कार्यक्रम	एशियन डवैलपमैंट बैंक	विद्युत विभाग	1927.00	ज्नवरी,12	दिसम्बर,18
8.	विद्युत परियोजनाएं	एशियन डवैलपमैंट बैंक	विद्युत विभाग	6673.87	नवम्बर,08	ज्ून,16
कुल योग				**12023.67**		

पाईप लाईन में बाह्य सहायता प्राप्त परियोजनाएंः

(₹करोड़ों में)

क्र0 सं0	परियोजना का नाम	नोडल विभाग	डोनर एजैंसी	कुल अनुमानित लागत
1	2	3	4	5
1	हि0प्र0 में शहरी विकास के लिए इनवेस्टमैंट प्लान (अधोसंरचना अन्तर को समाप्त करने के लिए तकनीकी सहायता) ।	शहरी विकास विभाग	एशियन डवैलपमैंट बैंक	675.00-900.00
2	अधोसंरचना विकास के अन्तर्गत ग्रामीण आजीविका बढ़ौतरी के लिए परियोजना प्रबन्धन के सामर्थ्य विकास के लिए तकनीकी सहायता ।	पर्यटन एवं नागरिक उडडयन विभाग	एशियन डवैलपमैंट बैंक	5.40
3	हिमाचल प्रदेश पारिस्थितिक व पारि-सेवा (Eco-Systems and Eco-Services) प्रबन्धन एवं विकास परियोजना	वन विभाग	जी0आई0जैड0	500.00
4	सुन्नी के समीप सतलुज नदी पर कोल डैम जलाशय से शिमला शहर के लिए उठाउ पेयजल योजना ।	सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग	ए0एफ0डी0	515.89
5	ददाहू के पास गिरी नदी से नाहन शहर के लिए पेयजल योजना	सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग	ए0एफ0डी0	75.00
6	520 मैगावाट नकथान (Nakthan) जल विद्युत परियोजना	विद्युत विभाग	ए0एफ0डी0/के0एफ 0डब्लयू0	3495.00
7	178 मैगावाट थाना पलौन (Thana Plaun) जल विद्युत परियोजना	विद्युत विभाग	ए0एफ0डी0/के0एफ 0डब्लयू0	1800.00
8	हि0प्र0 वन पारिस्थितिकी तंत्र जलवायु प्रूफिंग परियोजना	वन विभाग	के0एफ0डब्लयू0	217.00
9	48 मैगावाट सुंगनी सुन्डला जल विद्युत परियोजना	विद्युत विभाग	एशियन डवैलपमैंट बैंक	480.00
10	हि0प्र0 राज्य सड़क परियोजना चरण-11	लोक निर्माण विभाग	विश्व बैंक	3800.00
11	हि0प्र0 वन पारिस्थितिकी तंत्र प्रबन्धन व आजीविका परियोजना	वन विभाग	जे0 आई0 सी0 ए0	1507.00
12	दियोथल चान्जू (33 मैगावाट) जल विद्युत परियोजना	विद्युत विभाग	ए0एफ0डी0	330.00
13	चान्जू-111 (48 मैगावाट)	विद्युत विभाग	ए0एफ0डी0	480.00
14	हि0प्र0 में बागवानी से सम्बन्धित फसलों की कटाई पश्चात प्रबन्धन के लिए उत्पादन व विपणन पर विशेष परियोजना	उद्यान विभाग	भारत सरकार द्वारा तय एजैंसी	1000.00
15	पब्बर नदी से शिमला शहर के लिए पेयजल योजना	सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग	विश्व बैंक / एशियन डवैलपमैंट बैंक	1181.95
16	520 मैगावाट नकथान जल विद्युत परियोजना	विद्युत विभाग	जे0 आई0 सी0 ए0	5000.00

राज्य नवाचार परिषदः-

देश में नवाचार आन्दोलन के अभियान को बल देने तथा देश को एक नवाचार राष्ट्र में बदलने के लिए समावेशी विकास पर केन्द्रित रूपरेखा तैयार करने के उद्देश्य से भारत सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों से चुने गये 17 प्रमुख सदस्यों वाली राष्ट्रीय नवाचार परिषद की स्थापना की है।

मूल दक्षताओं, स्थानीय प्रतिभाओं, संसाधनों और क्षमताओं का दोहन करने के लिए राज्य नवाचार परिषद को स्थापित करने की सम्भावनाओं का पता लगाने के लिए राज्य सरकार ने मुख्य सचिव, हिमाचल प्रदेश की अध्यक्षता में 7 जनवरी, 2011 को हिमाचल प्रदेश राज्य नवाचार परिषद की स्थापना की गई । विभिन्न विभागों के प्रशासनिक सचिवों एवं विश्वविद्यालयों के उप कुलपतियों के प्रतिनिधित्व वाली इस परिषद का मुख्य फोकस निम्नलिखित गतिविधियां हैः-

1. राज्य में नवाचार को बढ़ावा देना।
2. राज्य में युवा प्रतिभा व स्थानीय विश्वविद्यालयों, कालेजों, मध्यम व छोटे स्तर के उद्योगों तथा अनुसन्धान एवं विकास संस्थानों को प्रोत्साहित करना।
3. राज्य में नवाचार के लिए अवसरों को तलाशना।
4. नवाचार के अन्तर्गत प्रतिभाओं को पहचानना व सम्मानित करना तथा सफलता की कहानियों को प्रसार करना।
5. नवाचार पर सेमिनार व व्याख्यान कार्यशालाओं का आयोजन करना तथा शिक्षण हेतु राज्य नवाचार पोर्टल स्थापित करना।
6. नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र बनाने में सहायता प्रदान करना।
7. जोखिम पूंजी को व्यवस्थित करना तथा राज्य के लिए नवाचार रोड़ मैप 2010-2020 तैयार करना।

इस परिषद का मुख्यालय शिमला में स्थित है तथा राज्य योजना विभाग, परिषद को सचिवीय सहायता प्रदान करेगा। राष्ट्रीय नवाचार परिषद द्वारा राज्य नवाचार परिषद की गतिविधियों पर दिये गये सुझाव सभी सम्बन्धित विभागों को आगामी कार्यवाही हेतु भेजे गये हैं।

राज्य के विभिन्न विभागों द्वारा अपनाई जा रही विभिन्न नवाचार तकनीकेंः राज्य में नवाचार की निम्नलिखित तकनीकों को अपनाया गया हैः

1. **प्लास्टिक सड़कें:** वर्ष 2010-11 में यह ईनोवेशन शुरू की गई थी । 3.28 करोड़ रूपये का व्यय करते हुए अब तक 117.18 कि0मी0 प्लास्टिक सड़कों का निर्माण किया जा चुका है। इस प्रयोजन के लिए 56.83 मि0टन प्लास्टिक अवशिष्ट पदार्थो का उपयोग किया जा चुका है।

2. **Way-Side सुविधाएं**: राष्ट्रीय व राज्य उच्च मार्गो के किनारों पर स्थित बंजर भूमि पर पर्यटन सूचना केन्द्रों, पिकनिक स्थलों, वर्षा शालिकाओं, शौचालयों, पार्किंग स्थलों, ऑटो मोबाईल रिपेयर दुकानों आदि way side सुविधाओं का विकास किया गया है।

3. **सी0एफ0एल0 बल्ब**: सरकार ने राज्य में प्रत्येक परिवार को साधारण बल्बों के बदले में चार सी0एफ0एल0 बल्ब वितरित किये हैं। इस व्यवस्था के माध्यम से गैसों/प्रदूषण की मात्रा में कमी लाकर पर्यावरण में सुधार लाने में मदद मिली है तथा इससे प्रतिवर्ष 200 करोड़ रूपये लागत की बिजली की बचत हुई है।

4. **प्लास्टिक पर प्रतिबन्ध**: राज्य में प्लास्टिक के प्रयोग पर पूर्ण प्रतिबन्ध लगाया गया है ऐसा करने वाला हिमाचल प्रदेश देश का पहला राज्य बन गया है। प्रदूषण में कमी लाने तथा पारिस्थितिकी में सुधार लाने के लिए राज्य के सभी सरकारी कार्यालयों तथा दूसरे संस्थानों में हीटिंग के प्रयोजन के लिए जीवाश्म ईंधन व कोयले के प्रयोग को भी निषिद्ध कर दिया गया है।

5. **छत–वर्षा जल संचयन**: मनरेगा कार्यक्रम के तहत सभी ग्रामीण परिवारों के लिए वर्षा जल संचयन टैंकों को बनाने का निर्णय लिया गया है। इस पानी का उपयोग ग्रामीण परिवारों की सामान्य घरेलू तथा पशुओं को पीने के लिए पानी की जरूरतों को कुछ हद तक पूरा करने में सक्षम होगा।

6. **पशु पालन क्षेत्र में नवाचार**: राज्य में पशुधन एवं दुग्ध उत्पादन की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए भ्रूण स्थानान्तरण तकनीक को अपनाया गया है तथा भ्रूण स्थानान्तरण प्राद्योगिकी लैब जिला कांगड़ा के पालमपुर में स्थापित की जा रही है। विभाग ने मवेशियों की पहाड़ी नस्ल के संरक्षण के लिए पालमपुर में एक पहाड़ी मवेशी प्रजनन फार्म की स्थापना कर प्रयास शुरू कर दिए हैं।

7. **वानिकी क्षेत्र में नवाचार**:

   (i) उन्नत जर्म प्लाज्म का समावेश

   (ii) जैविक खेती की सम्वर्धन

   (iii) सेब रिजुविनेशन प्रोजैक्ट

   (iv) संरक्षित खेती

   (v) एण्टी हेलनैट

   (vi) मौसम आधारित फसल बीमा योजना

   (vii) पोस्ट हारवैस्ट प्रबन्धन

8. **भू रिकार्ड क्षेत्र में नवाचारः** भू रिकार्ड अपडेट करने की प्रणाली को विकसित करने, आटोमेटिड व आटोमैटिक इन्तकाल, राजस्व व पंजीकरण के मध्य इंटर कनैक्टिविटी स्थापित करने हेतू टैक्सच्युल व आकाशीय रिकार्ड का एकीकरण करने के लिए प्रिसैपटिव टाईटल प्रणाली को कनकलूसिव टाईटल प्रणाली से स्थानांतरित करने के लिए हिमाचल प्रदेश सरकार ने प्रायोगिक तौर पर आरम्भ में मण्डी, हमीरपुर व सिरमौर जिलों में राष्ट्रीय भू-अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम को प्रायोगिक आधार पर लागू करने का निर्णय लिया गया था। शेष नौ जिलों के लिए भी 12वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान प्रोजैक्ट तैयार किया गया है।

9. **उर्जा क्षेत्र में नवाचारः** भौतिक उपलब्धियों की मौनिटरिंग के लिए एन0आई0सी0 द्वारा विकसित सॉफटवेयर प्रयोग में लाया जा रहा है तथा वित्तीय उपलब्धियों की समीक्षा के लिए मॉडयूल विकसित किया जा रहा है। वैब निगरानी तंत्र को NPV, CA & CAT Plan आदि से सम्बन्धित मुददों की मौनिटरिंग के लिए वन विभाग से तथा e-flow की समीक्षा के लिए प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड से जोड़ा जायेगा। उप ग्रह चित्रों कि डिजीटल एलिवेशन नक्शे तैयार करने के लिए एक भौगोलिक सूचना प्रणाली पोर्टल AGISAC द्वारा तैयार किया जा रहा है।

7 जनवरी, 2011 को राज्य नवाचार परिषद के गठन के उपरान्त राज्य में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए निम्नलिखित पग उठाए गएः

- **राज्य नवाचार फण्ड :-**राज्य में विभिन्न विभागों द्वारा नवाचार को बढ़ावा देने तथा इस क्षेत्र में नई पहल आरम्भ करने के लिए प्रोत्साहित करने के उददेश से राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2013-14 के दौरान राज्य नवाचार फण्ड का गठन किया गया है। इस फण्ड के अन्तर्गत विभिन्न परियोजनाओं को कार्यान्वित करने के लिए दिशा-निर्देशों को राज्य नवाचार परिषद की स्वीकृति के पश्चात अधिसूचित कर दिया गया है।

- चालू वित्तीय वर्ष 2013-14 के दौरान राज्य नवाचार परिषद द्वारा निम्नलिखित परियोजनाएं इस फण्ड के अन्तर्गत कार्यान्वित करने के लिए अनुमोदित की गई हैः

  1. मणिमहेश यात्रा पंजीकरण 2013 परियोजना।
  2. ऑन लाईन ब्लड बैंक प्रबन्धन सूचना प्रणाली परियोजना।
  3. सूचना व जन सम्पर्क विभाग की गतिविधियों के कम्पयूट्रीकरण के लिए प्रस्ताव।

राज्य के लिए नवाचार कार्य योजना (Action Plan):-

निम्न राज्य नवाचार कार्ययोजना का उद्देश्य 12वीं पंचवर्षीय अवधि के दौरान राज्य सरकार की प्राथमिकताओं को पहचानना है :

12वीं पंच वर्षीय योजना अवधि के लिए राज्य की नवाचार कार्ययोजना :

वर्ष	कार्रवाई	प्रक्रिया
2012-13	NIC व SInC की सिफारिशों को लागू करना।	सम्बन्धित विभागों के साथ बैठकों का आयोजन किया गया तथा विभाग से सम्बन्धित प्रस्तावों को लागू करने का आग्रह किया गया ।
2013-14	राज्य नवाचार कोष की स्थापना व क्रियान्वयन ।	प्रारम्भिक कोष राशि के रूप में राज्य सरकार द्वारा रू0 5.00 करोड़ का प्रावधान किया गया तथा विभिन्न विभागों के अनुमोदित प्रस्तावों के क्रियान्वयन के लिए राशि उपलब्ध करवाई गई ।
2014-15	1. राज्य नवाचार कोष	निजी क्षेत्र को राज्य नवाचार कोष की परिधी में सम्मिलित करना ।
	2. सैक्टोरल / विभागीय नवाचार समितियों की स्थापना करना ।	राज्य नवाचार परिषद के सभी सदस्य विभागों द्वारा विभागीय नवाचार समितियों का गठन करना ।
	3. नवाचार केन्द्रों व क्लबों की स्थापना ।	राज्य के युवाओं में नवाचार सम्बिन्धत आदतों का विकास करने के लिए विश्वविद्यालय स्तर पर नवाचार केन्द्रों की तथा कॉलेज स्तर पर नवाचार क्लबों की स्थापना करना ।
	4. न्यायिक प्रणाली में ICT को आरम्भ करना।	न्यायिक प्रणाली में मौजूदा ICT प्रणाली में सुधार करना ।

परिणाम रूपरेखा दस्तावेज– हिमाचल प्रदेश के लिए कार्य निष्पादन निगरानी और मूल्यांकन तंत्र/प्रणाली (PMES)

सरकार द्वारा अपने उद्देश्यों की पूर्ति करने में सक्षम उत्तरदायी और परिणाम केन्द्रित एक ऐसे सरकारी तंत्र को विकसित करने की आवश्यकता महसूस की गई जो कार्य को न केवल सही व सुचारू रूप से करने में अपितू अधिक कुशलतापूर्वक और प्रभावी ढंग से करने में भी सक्षम हो। इस प्रयोजन हेतू समूचे तंत्र को जवाबदेह और पारदर्शी बनाये जाने की आवश्यकता है।

कार्य निष्पादन निगरानी और मूल्यांकन तंत्र/प्रणाली सरकारी विभागों के मूल्यांकन और निगरानी के लिए एक प्रणाली विकसित की गई है। PMES के अन्तर्गत प्रत्येक विभाग द्वारा प्रति वर्ष परिणाम रूपरेखा दस्तावेज (RFD) तैयार करना आवश्यक है।

RFD किसी विभाग द्वारा एक वित्तीय वर्ष के दौरान अपेक्षित उपलब्धियों के महत्वपूर्ण परिणामों का सारांश प्रदान करता है। इस दस्तावेज के दो मुख्य उद्देश्य हैं, (क) प्रक्रिया केन्द्रित विभागीय गतिविधियों को परिणाम केन्द्रित बनाना (ख) वर्ष के

अन्त में विभाग के समग्र प्रदर्शन का मूल्यांकन करने के लिए एक निष्पक्ष व न्यायोचित आधार प्रदान करना।

राज्य में आर0एफ0डी0

हिमाचल प्रदेश राज्य सरकार ने सरकारी कामकाज में अधिक पारदर्शिता और जवाबदेही लाने के लिए सभी सरकारी विभागों/बोर्डों/निगमों के लिए परिणाम रूपरेखा दस्तावेज तैयार करने हेतु **कार्य निष्पादन निगरानी और मूल्यांकन** तंत्र/प्रणाली को अपनाया है।

इस प्रणाली के अन्तर्गत सभी सरकारी विभागों/संगठनों के सम्मत उद्देश्यों, नीतियों और कार्यक्रमों को समयवद्ध ढंग से लागू करने के उद्देश्य से हर साल एक परिणाम रूपरेखा दस्तावेज तैयार करना आवश्यक है।

राज्य सरकार द्वारा यह कार्यक्रम वर्ष 2011–12 से आरम्भ किया गया है और योजना विभाग राज्य स्तर पर पी0एम0ई0एस0 के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए नोडल विभाग के रूप में कार्य कर रहा है।

विभिन्न विभागों की आर0एफ0डी0 की निगरानी और छंटनी के लिए सरकार ने प्रारम्भिक समीक्षा और उसके सुधार के लिए अधिकारियों को संसाधन व्यक्तियों (Resource Persons) के रूप में चिन्हित किया है। ये अधिकारी आर0एफ0डी0 का मूल्यांकन कर सम्मत दिशा–निर्देशानुसार सभी विभागों को सुझाव प्रदान करते हैं जिनके आधार पर सभी विभाग अपनी आर0एफ0डी0 को संशोधित करते हैं।

वित्तीय वर्ष 2013–14 के दौरान कुल 47 विभागों/निगमों/बोर्डों ने अपने–अपने विभाग/संगठन की आर0एफ0डी0 तैयार की है तथा इन सभी विभागों की गत वर्ष की उपलब्धियां/परिणाम भी सन्तोषजनक रहे हैं।

VIII. नाबार्ड–ग्रामीण आधारभूत संरचना निधि (आर.आई.डी.एफ.) प्रभागः

वर्ष 1995–96 का वार्षिक बजट प्रस्तुत करते हुए केन्द्रीय वित मन्त्री ने ग्रामीण आधारभूत संरचना निधि की घोषणा करते हुए कहा था कि नाबार्ड राज्य सरकारों के आधारभूत संरचना जुटाने के लिए विभिन्न मदों जैसे मध्यम तथा लघु सिंचाई, भू–संरक्षण तथा अन्य ग्रामीण मूलभूत परियोजनाओं जिसमें ग्रामीण सड़कें, मार्किट यार्ड इत्यादि के लिए ऋण उपलब्ध करवाएगा । आरम्भ में यह योजना आर.आई. डी.एफ–1 के अन्तर्गत चालू स्कीमों को पूर्ण करने के लिए थी जिसमें नाबार्ड से 50 प्रतिशत ऋण सहायता उपलब्ध किए जाने का प्रावधान था । इसके सफलतापूर्वक कार्यान्वयन के फलस्वरूप इस योजना को आर. आई.डी.एफ. II, III, IV,V, VI, VII, VIII, IX, X, XI, XII, XIII, XIV, XV, XVI, XVII, XVIII तथा XIX के अर्न्तगत भी जारी रखा गया है तथा इसकी ऋण सहायता राशि को भी 90/95 प्रतिशत तक बढ़ा दिया गया ।

2. राज्य सरकार नाबार्ड से आर0आई0डी0एफ0 के अन्तर्गत अनेक प्रकार के विकासात्मक गतिविधियों के लिए ऋण प्राप्त कर रही है । मुख्य विकासात्मक गतिविधियां जिन के लिए राज्य सरकार ने नाबार्ड से परियोजनाऐं अनुमोदित करवाई है या ऋण सहायता के लिए भेजी हैं, का ब्यौरा निम्न प्रकार से है :–

1. सड़कों एवं पुलों का निर्माण ।
2. सिंचाई परियोजनाओं का निर्माण ।
3. बाढ़ नियन्त्रण कार्यो का निर्माण ।
4. पेयजल परियोजनाओं का निर्माण ।
5. प्राथमिक पाठशालाओं के भवन का निर्माण ''सरस्वती बाल विद्या संकल्प परियोजना'' ।
6. नागरिक सूचना केन्द्रों की स्थापना ।

7. ई–अभिशासन (E-Governance) ।
8. वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं में विज्ञान प्रयोगशालाओं का निर्माण ।
9. जल प्रवाह विकास योजना ।
10. पशु स्वास्थ्य के लिए अधोसंरचना का सुदृढ़ीकरण ।
11. Precision Farming पद्धति अपनाकर नकदी फसलों का उत्पादन परियोजना (पोलीहाऊस एवं लघु सिंचाई) ।
12. लघु सिंचाई एवं सम्बन्धित संरचना द्वारा कृषि का विविधीकरण परियोजना ।

3. नाबार्ड द्वारा दिनांक 31–03–2014 तक प्रदेश सरकार को ₹ 4445.00 करोड़ की राशि विभिन्न परियोजनाओं के लिए ऋण सहायता के रूप में स्वीकृत की जा चुकी है जिसका विवरण निम्नलिखित है :–

(₹ करोड़ में)

ट्रांच संख्या	**कार्यक्रम की अवधि**	**स्वीकृत परियोजनाओं की संख्या**	**नाबार्ड ऋण सहायता**	**राज्य अंशदान**	**कुल स्वीकृत राशि**
1.	**2.**	**3.**	**4.**	**5.**	**6.**
आर.आई.डी.एफ -I	1995-96 से 1997-98	77	14.23	4.90	19.13
आर.आई.डी.एफ -II	1996-97 से 1998-99	66	52.96	6.32	59.28
आर.आई.डी.एफ -III	1997-98 से 1999-20	28	51.12	5.12	56.24
आर.आई.डी.एफ -IV	1998-99 से 2000-01	66	87.81	3.48	91.29
आर.आई.डी.एफ -V	1999-2000 से 2001-02	680	110.36	6.80	117.16
आर.आई.डी.एफ -VI	2000-01 से 2002-03	1053	127.20	10.15	137.35
आर.आई.डी.एफ-VII	2001-02 से 2003-04	325	168.24	8.90	177.14
आर.आई.डी.एफ-VIII	2002-03 से 2004-05	237	169.29	13.80	183.09
आर.आई.डी.एफ -IX	2003-04 से 2005-06	182	141.70	19.35	161.05
आर.आई.डी.एफ -X	2004-05 से 2006-07	146	91.64	9.96	101.60
आर.आई.डी.एफ -XI	2005-06 से 2007-08	266	224.67	29.73	254.40
आर.आई.डी.एफ-XII	2006-07 से 2008-09	379	272.30	36.17	308.47
आर.आई.डी.एफ-XIII	2007-08 से 2010-11	359	308.06	32.55	340.61
आर.आई.डी.एफ-XIV	2008-09 से 2011-12	136	424.82	28.13	452.95
आर.आई.डी.एफ-XV	2009-10 से 2012-13	223	454.13	36.98	491.11
आर.आई.डी.एफ-XVI	2010-11 से 2013-14	186	394.53	37.16	431.69
आर.आई.डी.एफ-XVII	2011-12 से 2014-15	225	423.69	41.81	465.50
आर.आई.डी.एफ-XVIII	2012-13 से 2015-16	164	432.16	44.32	476.48
आर.आई.डी.एफ-XIX	2013-14 से 2016-17	142	496.09	65.18	561.27
कुल योगः (I से XIX)		**4940**	**4445.00**	**440.81**	**4885.81**

4. दिनांक 31-03-2014 तक उपरोक्त स्वीकृत नाबार्ड ऋण सहायता राशि ₹ 4445.00 करोड़ में से प्रदेश सरकार ने ₹ 3064.94 करोड़ की ऋण राशि नाबार्ड से प्राप्त कर ली है जिसका विवरण निम्न तालिका में है :-

(₹ करोड़ में)

ट्रांच संख्या	स्वीकृत ऋण राशि	प्राप्त की गई राशि			प्रतिशतता
		1995-96 से 2012-13	2013-14 (31-03-2014 तक)	कुल	
1	**2.**	**3.**	**4.**	**5.**	**6.**
आर.आई.डी.एफ -I	14.23	14.23	0.00	14.23	100.00
आर.आई.डी.एफ -II	52.96	52.84	0.00	52.84	99.77
आर.आई.डी.एफ -III	51.12	49.43	0.00	49.43	96.69
आर.आई.डी.एफ -IV	87.81	79.14	0.00	79.14	90.13
आर.आई.डी.एफ -V	110.36	108.09	0.00	108.09	97.94
आर.आई.डी.एफ -VI	127.20	127.88	0.00	127.88	100.53*
आर.आई.डी.एफ-VII	168.24	174.79	0.00	174.79	103.89*
आर.आई.डी.एफ-VIII	169.29	154.00	0.00	154.00	90.97
आर.आई.डी.एफ -IX	141.70	111.59	0.00	111.59	78.75
आर.आई.डी.एफ -X	91.64	78.82	0.00	78.82	86.01
आर.आई.डी.एफ -XI	224.67	210.46	0.00	210.46	93.68
आर.आई.डी.एफ-XII	272.30	252.49	4.18	256.67	94.26
आर.आई.डी.एफ-XIII	308.06	204.78	16.48	221.26	71.82
आर.आई.डी.एफ-XIV	424.82	321.95	27.12	349.07	82.17
आर.आई.डी.एफ-XV	454.13	292.75	39.76	332.51	73.23
आर.आई.डी.एफ-XVI	394.53	198.67	74.37	273.04	69.21
आर.आई.डी.एफ-XVII	423.69	143.91	61.84	205.75	48.56
आर.आई.डी.एफ-XVIII	432.16	139.12	17.48	156.60	36.24
आर.आई.डी.एफ-XIX	496.09	0.00	108.77	108.77	21.93
कुल	**4445**	**2714.94**	**350.00**	**3064.94**	**68.95**

